# उपभोक्ताओं ने सिलेंडर के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

## आवेदक बोले निर्धारित समय के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर, मांगे जा रहे मूल्य से ज्यादा रुपये

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत दिन प्रतिदिन बड़ती जा रहीं है, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं बार-बार एजेंसी और गोदाम के चक्कर काटने के बाद भी उपभोक्ता को सिलेंडर नहीं मिल रहे है। जिसके चलते अब वह जिले के मुखिया की चौखट पर पहुंचकर सिलेंडर दिलवाने की गुहार लगा रहे है। ऐसे ही दो उपभोक्ता मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे और निर्धारित समयावधि में सिलेंडर न मिलने की बात कहते हुए एजेंसी संचालक द्वारा ज्यादा पैसों दिये जाने के बाद ही सिलेंडर देने का आरोप लगाते हुए अपने-अपने आवेदन सौंपे।



जनसुनवाई में पहुंचे आकाश कुशवाह ने बताया कि उसकी माँ कामता बाई द्वारा 13 मार्च को गैस सिलेंडर बुकिंग किया गया था, लेकिन आज दिनांक तक उसके यहां सिलेंडर नहीं पहुंचा, जिसके चलते उसने सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी से लेकर गोदाम के चक्कर लगाए, लेकिन उसे सिलेंडर नहीं मिला। वहीं अन्य आवेदक ने बताया कि एक सिलेंडर के बदले उससे 17 सौ रूपये की मांग की गई।

**ज्यादा पैसो दो, नहीं तो सात दिन बाद आओ:**

आवेदन ने बताया कि बार बार चक्कर काटने के बाद जब उसे सिलेंडर नहीं मिला तो उसने जानकारी जुटाई,जिसके बाद उसे बताया गया कि सिलेंडर चाहिए तो ज्यादा पैसे दो तब मिलेगा। इसके अलावा उसने बार बार निवेदन किया तो उसे 7 बाद आने की बात कही है। वहीं सिलेंडर न होने की बजह से उन्हें काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है7

**सिलेंडर के मांग रहा 1700 रुपये:**

कलेक्ट्रेट पहुंचे पाराशर मोहल्ला निवासी अशोक जैन पुत्र कुन्दनलाल जैन ने बताया कि वह विगत तीन दिनों से सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे है। जिसके चलते उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। वहीं खाद्य अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी एजेंसी द्वारा आज तक उन्हें सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं सिलेंडर सप्लाई करने वाले व्यक्ति द्वारा एक सिलेंडर के बदले 1700 रूपये की मांग की गई, जब नहीं दिये तो उसने सिलेंडर भी दिया। उन्होंने ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर न होने की बजह से उन्हें काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

# लोन मिला नहीं और खाते से कटने लगी उसकी किश्त

**न्याय के लिए युवक ने कलेक्टर से लगाई गुहार**

**ज्ञापन सौपकर कंपनी पर की कार्रवाई की मांग**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** लोन मिले बिना ही खाते से किश्त कटे तो इसे क्या कहेंगे, ऐसा ही कुछ मंगलवार को जनसुनवाई में देखने को मिला, जहा शहर निवासी एक युवक ने कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए बताया उसका होम लॉन हुआ हीं नहीं और न ही लॉन के पैसे उसके खाते में आए, फिर भी उसके बैंक खाते में लगातार किश्त काटी जा रहीं है। जिसके चलते उसे अंदेशा है कि कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनके नाम पर लॉन ले लिया, लेकिन इसकी राशि उसे प्रदान नहीं की गई है। जिसके चलते उसे लगातार धन हानि हो रहीं है। युवक एवं उसके पिता ने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए उक्त कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को जनुसनवाई में पहुंचे तुलसी कालोनी निवासी दिनेश पुत्र भुवनेश दुबे ने बताया कि उसने नगर में स्थित कैपरी ग्लोबल होम लोन फाइनेंस कंपनी में होम लोन के लिए आवेदन किया गया था, जिसमें में कंपनी द्वारा इस लोन को अपने सॉफ्टवेयर में कर दिया एवं प्रार्थी के प्लाट की रजिस्ट्री बिना बंधक किये अवैधानिक तरीके से कंपनी अपने पास रखे हुये हैं। वहीं श्री दुबे ने बताया कि कंपनी ने उसके नाम पर 2253368/- रूपये का लोन कर दिया गया है। जिसकी राशि आज दिनांक तक उसके बैंक खाते में राशि प्राप्त नहीं हुई है। वहीं विगत दो माह से उसके खाते से इसकी EMI 11112 रूपये एवं 43483 रूपये कट रही है। इस संबंध में जब उसने कंपनी कार्यालय में जाकर लोन के बारे जानकारी मांगी गई तो उसके नाम पर लोन होना पाया गया। जिसके चलते उसने इसे बंद करने का निवेदन किया गया, लेकिन कंपनी लोन बंद नहीं की, जिसके चलते उसके खाते से लगातार पैसे कट रहें है। युवक द्वारा कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## एक नजर में




### अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से जोड़ने की मांग तेज

**नवभारत अशोकनगर।** ग्वालियर से नागपुर को बनाया जा रहे सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे में जिलामुख्यालय को जोड़ने की मांग तेज हो गई है। जिसके चलते मंगलवार को वायपास रोड़ स्थित रघुवंशी धर्मशाला में शहर के प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे में जिले को जोड़ने पर चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि इस ग्रीफील्ड हाईवे की अनुमानित लागत 40000 करोड रुपए है और यह हाईवे ग्वालियर से नागपुर तक बनाया जा रहा है, लेकिन इसमें अशोकनगर को सीधे जोड़ने का उल्लेख नहीं होने से क्षेत्रवासियों में असंतोष देखा जा रहा है। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने एकजुट होकर इस मांग को लेकर निर्णायक रणनीति तैयार की। बैठक में पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मुद्दे के समर्थन में दिए गए समर्थन पत्रों के लिए आभार व्यक्त किया गया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि जिला मुख्यालय को सिक्स लेन हाईवे से जोड़ना क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके अभाव में जिले की कनेक्टिविटी और आर्थिक प्रगति प्रभावित हो सकती है। वहीं बैठक में यह भी सामने आया कि 20 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए पत्र में अशोकनगर जिला मुख्यालय को इस हाईवे से जोड़ने का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया था। इस पर चिंता जताते हुए उपस्थित लोगों ने सांसद से पुन: आग्रह किया कि वे अलग से एक विस्तृत मांग पत्र भेजकर अशोकनगर को ऐसे सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से जोड़ने की मांग को प्रमुखता से उठाएं। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि,इस मांग को पूरा कराने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल जल्द तही भोपाल स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचेगा। साथ ही लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता से भी मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। वक्ताओं मौके पर मौजूद लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो इस मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन, जनआंदोलन और दिल्ली तक भी जाना पड़े, तो पीछे नहीं हटेंगे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जिले को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से जोड़ने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में सुधीर शर्मा, डॉ. योगेश मिश्रा, रितेश जैन, अभिषेक कुशवाह, रामस्वरूप, शिवहरे, राजकुमार लोधी, राजिद अहमद एवं सुनील रघुवंशी उपस्थित रहे।

### कर्र के रोजगार सहायक की सेवा समाप्त, सरपंच पर चलेगा केस

**अशोकनगर।** मनरेगा में किये गये फर्जीवाड़े को लेकर जिला पंचायत सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत कर्र के तत्कालीन रोजगार सहायक की सेवा समाप्त कर दी है। तो वहीं सरंपच के खिलाफ धारा 40 के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किये जाने को लेकर पुलिस को पत्र भेजा गया है। दरअसल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कर्र हाल ग्राम पंचायत तमाशा इमरान खान की संविदा सेवा समाप्त की गई।

# सेमरी लोहाबाद में भूमाफियाओं ने किया शासकीय और चरनोई भूमि पर कब्जा

## ग्रामीणो ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप की अतिक्रमण हटाने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा भले ही मंच से भू माफियाओं को नेस्तनाबूत करने की बात कहीं गई हो, लेकिन जिले में लगातार भू-माफिया पैर पसार रहे है और वह राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों से गठजोड़ कर चरनोई और शासन की वेशकीमती जमीन को अपने नाम कर हथियाने की फिराक में है। ऐसा ही एक मामला जिले की शाढ़ौरा तहसील के समेरी लोहावाद का सामने आया है। जहां भू-माफियाओं ने शासकीय और चरनोई भूमि पर कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया है। तो वहीं इसी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर मंगलवार को सेमरी लोहाबाद के ग्रामीणों द्वारा एक ज्ञापन मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय को सौंपा गया। जिसमें उन्होंने इस कब्जाधारियों से शासकीय एवं चरनोई भूमि को मुक्त कराने की मांग की गई।



**जमीन की हो रहीं खरीद-फरोख्त:**

ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि भू-माफियाओं द्वारा पट्टाधारियों की जमीन की खरीद-फरोख्त की जा रहीं है। जबकि सरकार ने यह पट्टे वर्ष 2001-02 में कुछ भूमिहीन व्यक्तियों को प्रदान किए गए थे, परंतु उन् पट्टों पर नियमानुसार निर्धारित समयावधि में कब्जा नहीं लिया गये, जिसके चलते वह निरस्ती योग्य है, इन्हीं निरस्ती योग्य पट्टो का आधार बनाकर राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से सांठगांठ भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। ऐसी ही एक शाढ़ौरा-बाजीदपुर मार्ग से लगी हुई बहुमूल्य जमीन है, जिस कुछ भू-माफिया उन्हीं निरस्ती योग्य पट्टों का सहारा लेकर उक्त भूमि पर पक्की बाउंड्री वाल का निर्माण कर कब्जा स्थापित किये जा रहे है।

मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सेमरी लोहाबाद में कुछ भू-माफियाओं द्वारा सर्वे क्रमांक 11/2/1/1, 11/2/1/2/2, 18/1, 16/3, 19/1 अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है। उसकी मुख्य बजह है सेमरी लोहाबाद नक्शा-विहीन है, जिसके कारण शासकीय भूमि की सीमा स्पष्ट रूप से नहीं है। इस स्थिति का लाभ उठाकर कुछ असामाजिक तत्व राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। इस सबंध में पहले भी कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके इन सर्वे नबंर पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।

**पशुओं के लिए आरक्षित है भूमि:**

कस्बे की चरनोई भूमि का अवैध रूप से विक्रय किया जा रहा है, जिसकी बजह से आगामी समय में जमीन शेष ही नही बचेगी। वहीं जिस जमीन की खरीद-फरोख्त हो रहीं है वह भूमि ग्राम के पशुओं के चरने हेतु आरक्षित है, यदि समय रहते कार्रवाई नही की गई, तो आगामी समय में मवेशियों को लेकर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

**निष्पक्ष जांच की मांग:**

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि इन जमीनों की निष्पक्ष रूप से जांच कराई जाए और सेमरी लोहाबाद का राजस्व नक्शा एवं सीमांकन कराया जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों ने यह मांग की है कि अवैध रूप से की गई विक्रय अनुमति को तत्काल निरस्त की जाए एवं प्रक्रियाधीन अनुमतियों पर रोक लगाई जावे। वहीं जो पट्टे विक्रय किये गये हैं उनके नामांतरण अथवा हस्तांतरण या पुन: बिक्री पर रोक लगाई जावे। साथ ही शासकीय एवं चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटवाकर भूमि को मुक्त कराया जाए।



### तरुण खटीक हत्यारोपियों की फांसी मांग

**समाज ने रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**अशोकनगर।** विगत दिनों होली के अवसर पर दिल्ली में तरुण खटीक की हत्या का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा है। जिसके चलते समाज सहित अन्य वर्ग में रोष व्याप्त है। जिसके चलते मंगलवार को खटीक समाज सहित जिले के सर्व समाज द्वारा हत्यारोपियों को फांसी की सजा दिये जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी को सौंपा गया।

खटीक समाज द्वारा सौंपे ज्ञापन में बताया किया होली के अवसर पर दिल्ली में गुब्बारे को लेकर हुए विवाद में दर्जनों लोगो की भीड़ तरूण खटीक की निर्मम हत्या कर दी थी। जिसमें पुलिस द्वारा चुनिंदा लोगों को हत्या का आरोपी बनाया गया है, लेकिन इस हत्याकांड में कई और लोग शामिल थे। समाज द्वारा सौपे ज्ञापन में मांग की गई है कि पुलिस द्वारा निष्पक्ष मामले की जांच हत्या में शामिल सभी आरोपियों को सजा दिलाते हुए फांसी दिलवाई जाए। ज्ञापन के दौरान विहिप के दीपक मिश्रा सहित, डॉ. जयमण्डल सिंह यादव, डा हरवीर रघुवंशी, महेंद्र भारद्वाज सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# प्रियदर्शिनी के दौरे को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर जिले में पहुंचेंगी। इस दौरान वे अग्रवाल पैलेस में आयोजित महिला सम्मेलन में मुख्य रूप से सहभागिता करेंगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें महिला सम्मेलन को सफल एवं भव्य बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रियदर्शिनी के नगर आगमन पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियों पर भी विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने,कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, स्वागत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर चर्चा हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।। इस दौरान भाजपा जिला पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी मौजूद रहीं।



# पुलिस जवानों ने किया फायरिंग का अभ्यास

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस बल के जवानों की फायरिंग दक्षता में वृद्धि करना तथा उन्हें आधुनिक हथियारों के संचालन में दक्ष बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को फायरिंग रेंज 26वी वाहिनी गुना में किया गया। इस फायरिंग अभ्यास में जिले के पांच सैंकड़ा से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लेकर फायरिंग अभ्यास किया। फायरिंग अभ्यास के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विभिन्न प्रकार के आधुनिक हथियार जैसे 5.56 इंसास, .303 रायफल, एसएलआर एवं पिस्टल के द्वारा फायरिंग अभ्यास किया गया। तो वहीं पुलिस अधिकारियों द्वारा जवानों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि चांदमारी (फायरिंग अभ्यास) का उद्देश्य पुलिस बल की दक्षता में वृद्धि करना, तथा उन्हें आधुनिक हथियारों के संचालन में दक्ष बनाना एवं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना है।



**बैठक**

**नगरपालिका अध्यक्ष ने ली जलप्रदाय शाखा की बैठक, दिये निर्देश**

# गर्मी से पहले सुधरे पेयजल व्यवस्था : नपाध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** गर्मी के मौसम की दस्तक के साथ ही शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने कमर कस ली है। मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में जलप्रदाय शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष ने कार्यशैली को लेकर सख्त निर्देश दिए।

इस दौरान नपाध्यक्ष श्री मनोरिया ने स्पष्ट लहजे में कहा कि शहर की सड़कों पर बिना वजह गड्ढे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे निरंतर नगर भ्रमण करें और यदि कहीं भी रोड पर कोई गड्ढा खुदा दिखे, तो तुरंत संबंधित इंजीनियर को सूचित करें। उन्होंने जोर दिया कि फेरुल के नाम पर बेवजह खुदाई न की जाए, जिससे जनता को आवागमन में परेशानी न हो। इसके अलावा आगामी गर्मी को देखते हुए अध्यक्ष ने कहा कि पाइपलाइन में कहीं भी लीकेज नहीं रहना चाहिए। जहां लीकेज हो उन्हें तत्काल चिन्हित कर बंद किया जाए। साथ ही जिन क्षेत्रों में नलों से गंदा पानी आने की शिकायत है, वहां तुरंत गड्ढा खोदकर फेरुल और पाइपलाइन की जांच की जाए। यदि पाइपलाइन कहीं से क्षतिग्रस्त है, तो उसे युद्धस्तर पर सुधारा जाए ताकि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक में पार्षद महेन्द्र भारद्वाज, राजकुमार यादव (नगेश्री), सीएमओ विनोद उन्नीतान, सब इंजीनियर भानु कुशवाहा, शिवकुमार, आयुष वर्मा और गौरव ठाकुर सहित जलप्रदाय शाखा का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



# आंगनवाड़ी पर हुआ अन्नप्राशन संस्कार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अन्नप्राशन (प्रथम अन्न ग्रहण) संस्कार शिशु के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है, जो 6 माह की आयु पूर्ण होने पर आयोजित किया जाता है। यह संस्कार शिशु को दूध से ठोस आहार की ओर ले जाने का प्रतीक है और उसके शारीरिक एवं मानसिक विकास की सही शुरुआत सुनिश्चित करता है। इसी उद्देश्य के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगल बार को वार्ड क्रमांक 4 वार्ड नंबर 16 में अन्नप्राशन मंगल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने उपस्थित महिलाओं को बच्चों को समय पर ऊपरी आहार शुरू करने की आवश्यकता एवं उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन के निर्देशन में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां अतिथियों का आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन में सकारात्मक और जागरूकता का माहौल देखने को मिला।



**पोषण आहार की सजाई थाली:**

इस दौरान आंगन बाड़ियों पर शिशुओं के पोषण आहार की जानकारी एवं संपूर्ण आहार को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। और आकर्षक सजावट की गई। सुपरवाइजर दीप्ति शर्मा ने बताया कि 6 वर्ष के बच्चों के लिए हल्का आहार देना शुरू करना चाहिए, जिससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता जो जरूरी है इस बीच महिला को पोषण आहार सहित कुपोषण जैसी स्थिति कैसे निपटे इस के लिए जागरूक किया गया।


//विज्ञप्ति//

**जिला एवं सत्र न्यायालय गुना**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश, गुना**

एमएसीसी/172/2023

थानसिंह धाकड बनाम देशराज यादव

NEXT DATE: 13-04-2026

**प्रेषिती-** देशराज यादव पुत्र मोहन सिंह यादव पता-ग्राम पिपरई थाना पिपरई तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर मप्र

यह कि प्रार्थी थानसिंह धाकड ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/172/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदाया आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे

यह आज तारीख 11-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(राधाकिशन मालवीय)
द्वितीय सदस्य मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण-गुना (मप्र)